राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग राज. जयपुर

जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन्स फाटक सी–स्कीम, जयपुर।
Telex : 0141-2222403/2222469 Email ID : dlbrajasthan@gmail.com Website :www.lsg.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांकःएफ. 56 (क)()सीई / डीएलबी / IRGY(U)/2022–23 / 4318 – 4557 दिनांकः 09/03/2023

आयुक्त / अधिशाषी अधिकारी,
नगर निगम / परिषद / पालिका,
समस्त राजस्थान।

विषयः– इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत करवाये जा रहे कार्यो को पोर्टल पर अपलोड करने बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत **"इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना"** के अन्तर्गत प्रदेश की समस्त नगरीय निकायों में विभिन्न प्रकार के कार्य करवाये जा रहे है, किन्तु करवाये गये कार्यो की मस्टरोल / माप–पुस्तिका / बिल भुगतान आदि को पोर्टल पर यथा समय अपलोड नहीं किया जा रहा है। जिससे योजनान्तर्गत करवाये गये कार्यो की समग्र जानकारी उपलब्ध नहीं हो पा रही है, और समय–समय राज्य स्तर पर योजना की समीक्षा हेतु सम्पूर्ण सूचना उपलब्ध करवाया जाना सम्भव नहीं हो पाता है। इसे उच्चाधिकारियों द्वारा गम्भीरता से लिया जा रहा है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप दिनांक 15.02.2023 तक करवाये गए सम्पूर्ण कार्यो की सत्यापित मस्टरोल / माप–पुस्तिका / साम्रगी क्रय से सम्बन्धित बिल वाउचर्स की प्रति एवं प्रशासनिक मद में किये गये व्यय का विवरण आदि सम्पूर्ण दस्तावेजो को पोर्टल पर अपलोड करवाया जाना सुनिश्चित करावे, साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाता है, कि नगरीय निकायों के सम्बन्धित लेखा सहायक अपलोड किये जाने वाले दस्तावेजों की पी.डी. एफ. फाईल एम.आई.एस. को उपलब्ध करवाकर अपनी उपस्थिति में समस्त दस्तावेज एम.आई. एस. के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करावे। जिससे भुगतान की गई राशि एवं दस्तावेजों में किसी प्रकार की कोई त्रुटि की संभावना ना रहे।

(ह्रदेश कुमार शर्मा)
निदेशक एवं विशिष्ट सचिव

क्रमांकः एफ.56(क)()सीई / डीएलबी / IRGY(U)/2022–23 / 4558 – 4567 दिनांकः 09/03/2023

प्रतिलिपीः–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर, राजस्थान।
2. निजी सचिव, निदेशक एवं विशिष्ट सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर, राजस्थान।
3. परियोजना निदेशक (IRGY-U) स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर, राजस्थान।
4. उपनिदेशक (क्षेत्रीय) स्वायत्त शासन विभाग अजमेर / भरतपुर / बीकानेर / कोटा / झालावाड़ / उदयपुर एंव जयपुर।
5. सुरक्षित पत्रावली।

9/3/23

परियोजना निदेशक (IRGY-U)